संख्या:73/2016/320/ 35-4-2016

प्रेषक ,

जे. बी. सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष ,
लोक निर्माण विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊः दिनांक 01 मार्च,2016

विषय : वर्ष 2015-16 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद मैनपुरी में शासनादेश संख्या:479(1)/35-4-2014 दिनांक 28 मार्च,2013 के साथ पठित शासनादेश संख्या:1397/35-4-2013 दिनांक 09 अक्टूबर,2013 द्वारा 03 कार्यो की रू. 4584.75 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 03 कार्यों में से 01 कार्य यथाः **मैनपुरी निरीक्षण भवन से पुलिस लाइन एवं ट्रांजिट हास्टल होते हुये नगला पंजाबा तक मार्ग का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण** के कार्य की उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 मार्च,2013 द्वारा स्वीकृत लागत रू. 1588.12 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में रू. 757.25 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। तत्पश्चात शासनादेश संख्या:558/35-4-2014 दिनांक 24 मार्च,2014 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू. 399.52 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई। तदोपरान्त शासनादेश संख्या:876/35-4-2014 दिनांक 18 जुलाई,2014 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू. 352.08 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई। मुख्य अभियंता, (मु0-1) लो0नि0वि0 के पत्र संख्या:9476बी.जी/7बी.-3 त्व0आ0वि0यो0/2014-15 दिनांक 09 फरवरी,2015 द्वारा उक्त कार्य हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपयोग होना इंगित किया गया है। अतः एतदद्वारा उक्त कार्य की अनुमोदित लागत रू. 1588.12 लाख के सापेक्ष पूर्व में कुल अवमुक्त धनराशि रू. 1508.85 लाख को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 79.27 लाख (रूपये उन्यासी लाख सत्ताइस हजार मात्र) को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 मार्च,2013, 09 अक्टूबर,2013, 24 मार्च,2014 तथा 18 जुलाई,2014 की शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही अवशेष धनराशि आहरित कर बैंक / □ाकघर/ पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आहरित कर □िपाजिट कार्यों के रूप में कार्यदायी विभाग-द्वारा रेमिटेन्स लेखाशीर्ष "8782" के अन्तर्गत-सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- ए-2-47/दस-97-10(9)/95, दिनांक 3 मार्च, 1997 में दिये गये निर्देशों के अनुसार □िपाजिट क्रे□ट लिमिट (□ी0सी0एल0) निर्गत करके व्यय की जायेगी।

3- इस शासनादेश से उक्त कार्य के लिए अनुमोदित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जायेगा।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2016 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2016 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा- जोखा 31 मार्च, 2016 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2016 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

6- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा सम्परीक्षित लेखे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-03-ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे □ाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च,2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जे. बी. सिंह)
विशेष सचिव

संख्या:73/2016/320(1)/35-4-2016 तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-
1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा , प्रथम एवं *द्वितीय*, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव, लोक निर्माण।
4-प्रमुख सचिव, वित्त।
5-निजी सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी ।
6-मण□लायुक्त, आगरा।
7-जिलाधिकारी, मैनपुरी।
8-मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।
9-मुख्य कोषाधिकारी, मैनपुरी।
10-गार्ड फाईल।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12- राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मैनपुरी।

आज्ञा से ,

(जे. बी. सिंह)
विशेष सचिव

http://ehsanadesh.up.nic.in